बिहार सरकार
बिहार कौशल विकास मिशन
श्रम संसाधन विभाग
आमंत्रण सूचना संख्या –

# अल्पकालीन निविदा

दिनांक 24.11.2023 से 25.12.2023 तक हरिहर क्षेत्र, सोनपुर में आयोजित होने वाले मेला के अवसर पर बिहार कौशल विकास मिशन, श्रम संसाधन विभाग द्वारा सम्पादित कार्यों को श्रम संसाधन विभाग के लिये आवंटित भूखण्ड 80X60 वर्गफीट (सेक्टर संख्या–(B)–VII) में प्रदर्शित करने वाले भौतिक मॉडलों, विभागीय गतिविधियों, नियोजन मेला आयोजन के साथ विभाग के स्टॉल को सुसज्जित करने तथा उसका पूर्ण प्रबंधन एवं संचालन करने हेतु अर्हताधारी व्यक्ति / कंपनी / संस्था से **दिनांक 21.11.2023 को अपराह्न 03:00 बजे तक** प्रस्ताव आमंत्रित किया जाता है।

**<u>निविदा में भाग लेने हेतु शर्तें–</u>**

1. निविदा में पंजीकृत फर्म भाग लेंगे।
2. निविदा के साथ अग्रिम राशि के रूप में रू. 50,000 / – (रूपये पचास हजार) मात्र का बैंक ड्राफ्ट बिहार कौशल विकास मिशन, पटना के नाम से देय होगा।
3. इस प्रकार के आयोजन हेतु राजकीय / मेला / प्रदर्शनी के कार्य अनुभव का प्रमाण पत्र देना होगा।
4. निविदादाता द्वारा पूर्व 3 वर्षों में सरकारी ईवेंट मैनेजमेंट का कम से कम 20 लाख रूपये के एकल कार्यादेश पर कार्य किया हो।
5. निविदादाता का वित्तीय वर्ष 2021–22 या 2022–2023 के किसी एक वर्ष में न्यूनतम रू. 50.00 लाख का टर्नओवर होना चाहिए। टर्नओवर से संबंधित सी0ए0 द्वारा निर्गत प्रमाण पत्र एवं बैलेंस शीट और प्रॉफिट एण्ड लॉस एकाउंट की प्रति संलग्न करना अनिवार्य है।
6. निविदादाता को आई0एस0ओ0 प्रमाणित फर्म होना आवश्यक है।
7. निविदादाता का जी0एस0टी0 पंजीयन संलग्न करना अनिवार्य है।
8. वित्तीय निविदा एक अलग सीलबंद लिफाफे में देना होगा।
9. निविदादाता द्वारा स्टॉल के अन्दर 02 रेस्टरूम, शौचालय के साथ तैयार करना होगा, जिसमें एक रेस्टरूम विशिष्ट अतिथिगण के लिये होगा, जबकि दूसरा मेला में प्रतिनियुक्त कर्मियों के प्रयोजन के लिये रहेगा।
10. निविदादाता फर्म को उक्त आयोजन स्थल पर हाई स्पीड इंटरनेट, वाई–फाई, निर्बाध बिद्युत आपूर्ति, पेयजल, आयोजन स्थल की साफ–सफाई की व्यवस्था करनी होगा।
11. निविदादाता फर्म को आयोजन स्थल पर उद्घाटन दिवस एवं समापन दिवस के अवसर पर 100 व्यक्तियों के लिये भोजनआदि तथा शेष दिवसों में 20 व्यक्तियों के लिये अल्पाहार एवं भोजनादि की व्यवस्था करनी होगा।
12. निविदादाता को अपने फर्म की विशिष्टितायें सहित तकनीकी एवं वित्तीय निविदा अलग–अलग मुहरबंद लिफाफे में देना होगा। लिफाफे के ऊपर तकनीकी एवं वित्तीय निविदा अलग–अलग अंकित करना होगा, तथा फिर दोनों को एक तीसरे लिफाफे में

सील बंद कर जमा करना होगा। तकनीकी रूप से सफल निविदादाता की ही वित्तीय निविदा खोली जायेगी।

13. निविदा देने के उपरान्त निविदा समिति के समक्ष प्रस्तावित कार्यों का विवरण या पावर प्वाईट प्रस्तुत करना होगा, जिसमें प्रस्तावित मॉडल, रिसेप्शन, प्रदर्शित, की जाने वाली मीडिया (Films, Sound Clips) वितरित किये जाने वाले बुकलेट स्टॉल के पूर्ण डिजाईन एवं सुसज्जीकरण आदि पक्षों को शामिल करना अनिवार्य होगा, जिनका प्रस्तुतीकरण अच्छा होगा सिर्फ उन्हीं फर्मों की वित्तीय निविदा खोली जायेगी।
14. सफल एजेंसी को प्रत्येक कार्यदिवस में किये गये कार्यों का प्रमाणीकरण संबंधित नोडल पदाधिकारी से लेना होगा।
15. अद्योहस्ताक्षरी का बिना कारण बताये किसी भी निविदा या सभी निविदाओं को अस्वीकृत करने का अधिकार रहेगा।
16. त्रुटिपूर्ण एवं निर्धारित अवधि के बाद प्राप्त निविदा पर विचार नहीं किया जायेगा।
17. दिनांक 21.11.2023 को अपराहृन 3:00 बजे तक अद्योहस्ताक्षरी के 'ए' विंग, पांचवा तल, नियोजन भवन, आयकर गोलम्बर, बेली रोड, पटना स्थित कार्यालय में निविदा अनिवार्य रूप से प्राप्त हो जानी चाहिए। दिनांक 21.11.2023 को अपराहृन 4:00 बजे बिहार कौशल विकास मिशन के कार्यालय कक्ष में निविदा समिति के समक्ष निविदा खोली जायेगी जिसमें निविदादाता भी अनिवार्य रूप से उपस्थित रहेंगे। निविदा खोलने के उपरांत निविदादाताओं द्वारा प्रस्तावित कार्यों का विवरण या पावर प्वाइंट प्रस्तुत करना होगा।
18. विद्युत आपूर्ति का बैकअप 5 मिनट से ज्यादा की अवधि में चालू नहीं करने पर रू. 5,000/— प्रतिदिन की दर से जुर्माना लगाया जायेगा।
19. संतोषप्रद कार्य न करने की स्थिति में अधिकतम 10 प्रतिशत राशि जुर्माने के रूप में लगाई जा सकती है।
20. कार्यविवरण एवं अन्य सूचनाएँ विभागीय वेबसाईट https://skillmissionbihar.org/ पर देखी जी सकती है।

13/11/23

**मिशन निदेशक,**
**बिहार कौशल विकास मिशन**
**मो. न. 9431881162**

वित्तीय निविदा

**Section - A**

| क्र. | विवरण |
|---|---|
| 1. | जिला पदाधिकारी, सारण, छपरा द्वारा उपलब्ध कराये गये 80 x 60 वर्गफीट भूखण्ड (जो भौतिक स्थिति अनुसार घट या बढ़ सकता है।) में स्टॉल का निर्माण एवं उत्कृष्ट डिस्प्ले सिस्टम (LED Wall) सहित दृश्य–श्रव्य माध्यमों (ऑडियो, विडियो, फिल्म प्रस्तुतीकरण आदि) का सृजन एवं प्रदर्शन से संबंधित सभी कार्य। |
| 2. | स्थान की साफ–सफाई एवं समतलीकरण। |
| 3. | बांस–बल्ली से छाकर Water Proof पंडाल निर्माण करने का कार्य। |
| 4. | 80 प्रतिशत जमीन पर Wooden Flooring कर सिन्थेटिक कारपेट बिछाने का कार्य। |
| 5. | स्टॉल के अन्दर 6 फीट गुणा 03 फीट का 20 अद्द ब्रोमाइड पैनल का निर्माण कर, लगाने का कार्य। |
| 6. | स्टॉल के आगे फेशिया का निर्माण। |
| 7. | Plywood पी0ओ0पी0, रंग पेन्ट इत्यादि से स्वीकृत डिजाईन के अनुसार निर्माण कार्य। |
| 8. | फूल की व्यवस्था एवं 10 बुके की व्यवस्था का कार्य उद्घाटन एवं समापन के दिन। |
| 9. | स्टॉल के अन्दर Plywood से Wall निर्माण कर ट्रांसलाइट के द्वारा विभिन्न योजनाओं को दिखाने का कार्य। |
| 10. | स्टॉल के अन्दर विभाग द्वारा चलाये जा रहे विभिन्न योजनाओं को Sculpture वर्क के द्वारा जीवंत दिखाने का कार्य। |
| 11. | भौतिक मॉडलों के सुसज्जीकरण, अधिष्ठापन एवं प्रदर्शन का कार्य। |
| 12. | पावर बैकअप, अग्निशमन एवं प्रसाधन की समुचित व्यवस्था का कार्य। |
| 13. | निविदादाता द्वारा स्टॉल के अन्दर 02 रेस्ट रूम, शौचालय के साथ तैयार करना होगा, जिसमें 01 रेस्ट रूम विशिष्ट अतिथिगण के लिये होगा, जबकि दूसरा मेला में प्रतिनियुक्ति कर्मियों के प्रयोजन के लिये रहेगा। |
| 14. | निविदादाता फर्म को उक्त आयोजन स्थल पर हाई–स्पीड इंटरनेट, वाई–फाई, निर्बाध विद्युत आपूर्ति, पेयजल, आयोजन स्थल की साफ–सफाई की व्यवस्था करनी होगी। |
| 15. | स्टॉल के अंदर एवं बाहर आवश्यकतानुसार आवश्यक विद्युत सजावट करने का कार्य। |
| 16. | स्टॉल के अन्दर 32 इंच के दो प्लाज्मा / एल0सी0डी0 / एल0ई0डी0 टी0वी0 लगाने का कार्य। |
| 17. | स्टॉल को प्रदर्शन अवधि में न्यूनतम दो होस्टेस की व्यवस्था सहित रिसेप्शन डेस्क का अधिष्ठापन करने का कार्य। |
| 18. | राउंड–द–क्लॉक सफाई की व्यवस्था करने का कार्य। |
| 19. | स्टॉल का उत्कृष्ट सुसज्जीकरण, फिक्शचर इत्यादि की व्यवस्था का कार्य। |
| | **उपरोक्त सभी कार्यों का सम्पूर्ण मेला अवधि** (Section - A) **का समेकित Per Sqft. दर =** |

नोट : उपरोक्त प्रतिवर्गफीट दर को आवंटित भूखण्ड से गुणा कर Section - A की कुल वित्तीय बोली प्राप्त की जायेगी।

**Section - B**

| क्र. | विवरण | यूनिट | दर (सम्पूर्ण मेला अवधि) | कुल राशि |
|---|---|---|---|---|
| 1. | प्रतिदिन 05 व्यक्तियों के लिये स्नैक्स, चाय/कॉफी/कोल्ड ड्रिंक्स/मिनरल वॉटर की व्यवस्था का कार्य। | — | | |
| 2. | फर्नीचर की व्यवस्था। (सोफा 3 सीटर) | 4 | | |
| 3. | फर्नीचर की व्यवस्था। (कुर्सी) | 100 | | |
| 4. | फोटोग्राफी एवं विडियोग्राफी की व्यवस्था का कार्य। | — | | |
| 5. | दो अदद सुरक्षा गार्ड राउंड–द–क्लॉक की व्यवस्था कार्य। | 2 | | |
| 6. | Brochure 10,000 (दस हजार) अद्द प्रिंट कराने का कार्य। | 10,000 | | |
| 7. | विभाग के कार्यों के प्रदर्शन हेतु भौतिक मॉडलों यथा काउंसिलिंग सेंटर, आई0टी0 डेस्क काउंटर इत्यादि (लैपटॉप, कम्प्यूटर ऑपरेटर, प्रिन्टर कॉर्टिज, पेपर एवं स्टेशनरी, इंटरनेट की व्यवस्था के साथ) का कार्य। | — | | |
| 8. | निविदादाता फर्म को आयोजन स्थल पर उद्घाटन दिवस एवं समापन दिवस के अवसर पर 100 व्यक्तियों के लिये भोजनादि तथा शेष दिवसों पर 20 व्यक्तियों के लिये अल्पाहार एवं भोजनादि की व्यवस्था करनी होगा। | — | | |
| | | | कुल राशि **(Section - B)** | |